साप्ताहिक

डाक पंजीयन क्र. छ.ग./दुर्ग संभाग/38/2025-27

# जनता की कलम



Email : jantakikalam@rediffmail.com web Portal-www.jantakikalam.com RNI No. CHHHIN/2008/27690 संस्थापक : स्व. के.के. शुक्ला

वर्ष-18, अंक : 36 भिलाई, गुरूवार, 27 अगस्त 2026 से 02 सितंबर 2026 तक पृष्ठ-08 मूल्य : 3.00 रुपए

# महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण ही समृद्ध छत्तीसगढ़ की आधारशिला : मुख्यमंत्री

## पंडरीपानी में रक्षाबंधन एवं बहनों से संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री श्री साय



**रायपुर ।** रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट स्नेह, विश्वास और आत्मीयता का पर्व है। जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के ग्राम पंडरीपानी में बुधवार को इस पावन पर्व की यही भावना उस समय और जीवंत हो उठी, जब बड़ी संख्या में क्षेत्र की माताओं-बहनों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कलाई पर राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपना स्नेह और सम्मान व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम में भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते के साथ बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति सरकार के संकल्प की झलक दिखाई दी। ग्राम पंडरीपानी में आयोजित 'रक्षाबंधन एवं बहनों से संवाद' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने बहनों से आत्मीय संवाद किया और उनकी बातें सुनीं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं है, बल्कि बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सुखद भविष्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दोहराने का भी अवसर है। छत्तीसगढ़ की हर माता-बहन आत्मनिर्भर बने, उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिलें और परिवार तथा समाज के निर्णयों में उनकी भूमिका और मजबूत हो, इसी उद्देश्य के साथ राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण ही समृद्ध छत्तीसगढ़ की मजबूत आधारशिला है। जब महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होती हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है और परिवार की समृद्धि से समाज एवं प्रदेश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। राज्य सरकार की योजनाओं के केंद्र में माताओं-बहनों का सम्मान, स्वावलंबन और बेहतर भविष्य है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर ग्राम पंडरीपानी में लगभग 64 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें महतारी सदन का लोकार्पण भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी सदन गांव की महिलाओं के लिए सामूहिक प्रयासों, आर्थिक गतिविधियों और आत्मनिर्भरता का केंद्र बनेगा। महतारी सदन में महिलाओं के लिए बैठक कक्ष, प्रशिक्षण की सुविधा, रसोईघर और शौचालय सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे महिला स्व-सहायता समूहों और महिला संगठनों को अपनी बैठकें, प्रशिक्षण तथा विभिन्न आजीविका गतिविधियां संचालित करने के लिए सुविधाजनक और सम्मानजनक स्थान उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में ग्राम पंचायत फरसाबहार और भेलवा में भी महतारी सदन के निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य मार्ग से दानी मोड़ा बस्ती तक सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ 23 लाख की स्वीकृति प्रदान किए जाने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में बेहतर अधोसंरचना के निर्माण के साथ महिलाओं और ग्रामीण परिवारों के जीवन को सुविधाजनक बनाना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। यह राशि बहनों को अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए आर्थिक संबल देने के साथ उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत कर रही है। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए हाल ही में प्रदेश की 67 लाख से अधिक माताओं-बहनों के खातों में महतारी वंदन योजना की 31वीं किस्त के रूप में 631 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित की गई है। त्योहार को देखते हुए सितंबर माह की राशि अग्रिम रूप से जारी की गई, ताकि बहनें उत्साह और उल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मना सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना नहीं है। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, उनके कौशल को अवसरों से जोड़ना और परिवार तथा समाज के विकास में उनकी भूमिका को और मजबूत करना सरकार का व्यापक उद्देश्य है। महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की बहनें आज अनेक आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुशासन का वास्तविक उद्देश्य शासन की सुविधाओं को सरलता और पारदर्शिता के साथ लोगों तक पहुंचाना है। इसी दिशा में सेवा सेतु के माध्यम से 36 विभागों की 700 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई हैं। इससे नागरिकों को अनेक शासकीय सेवाओं के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता कम हुई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए अटल डिजिटल सेवा केंद्र शुरू किए जा रहे हैं। वहीं, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरलता से पहुंचे और उसकी समस्या का समयबद्ध समाधान हो, इसी सोच के साथ तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग किया जा रहा है।

# पीएम मोदी ने नेपाल के पीएम बालेन शाह से की बात, जान-माल की हानि पर जताई शोक

**नईदिल्ली (ए)।** नेपाल-चीन के सीमावर्ती इलाकों में बुधवार सुबह आई भीषण बाढ़ ने नेपाल में भारी तबाही मचाई है। करीब 400 से अधिक लोग लापता हो गए हैं, जबकि 16 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से बात की और नेपाल में बाढ़ से हुई जान-माल की हानि पर शोक व्यक्त किया। साथ ही पीएम मोदी ने नेपाल को हर संभव मानवीय और राहत सहायता देने का भी आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि, 'प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से बात की और नेपाल में बाढ़ से हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की। इस मुश्किल समय में भारत के लोग नेपाल में अपने भाई-बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। भारत नेपाल को हर संभव मानवीय सहायता देने के लिए तैयार है। हमारी टीमें बचाव और राहत कार्यों के लिए मिलकर काम कर रही हैं।' वहीं नेपाल के विदेश मंत्रालय ने भारत और चीन से मदद की गुहार लगाई है। नई दिल्ली ने भी राहत और बचाव कार्यों में मदद के लिए तेजी से राहत सामग्री भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। भारत की ओर से करीब



30 टन राहत सामग्री नेपाल भेजी जाएगी। जानकारी के अनुसार बुधवार को ही भारतीय वायुसेना का एक विमान नेपाल राहत सामग्री लेकर रवाना हो गई है। इसके अलावा एक और एयरफोर्स विमान को गुरुवार को राहत सामग्री के साथ रवाना करने की तैयारी की जा रही है। भारत सरकार की ओर से नेपाल को जल्द से जल्द जरूरी राहत सामग्री उपलब्ध कराने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। दोनों विमानों के जरिए बड़ी मात्रा में राहत सामग्री नेपाल पहुंचाई जाएगी, जिससे प्रभावित लोगों तक जरूरी मदद पहुंचाई जा सके। तिब्बत से लगे नेपाल के रसुवा जिले में बुधवार को अचानक आई विनाशकारी बाढ़ के बाद लापता करीब 400 लोगों में कम से कम 105 भारतीय शामिल हैं।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अचानक आई बाढ़ से रसुवा और धादिंग जिलों के अलावा काठमांडू के दक्षिण-पश्चिम में स्थित नुवाकोट जिला भी प्रभावित हुआ। नेपाल पर्यटन बोर्ड (एनटीबी) ने एक बयान जारी कर बताया कि रसुवा में आई बाढ़ के कारण कुल 384 यात्री लापता हैं, जिनमें 291 विदेशी नागरिक और 93 नेपाल के नागरिक शामिल हैं। बोर्ड के मुताबिक, इन लापता यात्रियों में 105 भारतीय, 37 अप्रवासी भारतीय और अमेरिका, मलेशिया, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया तथा नीदरलैंड के अन्य पर्यटक शामिल हैं। नेपाल पर्यटन बोर्ड ने मदद के लिए टोल-फ्री आपातकालीन नंबर 1234, हॉटलाइन नंबर 1144 और पर्यटक पुलिस का नंबर भी जारी किया है।

# राहुल गांधी के दावों की पड़ताल के लिए बनाई 'झूठ की गूंज' वेबसाइट, लॉन्च हुई

**नई दिल्ली (ए.)।** राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के बाद एक वेबसाइट सामने आई है. इसका नाम झूठ की गूंज रखा गया है. इसे एक फैक्ट चेक ट्रैकर माना जा रहा है. वेबसाइट इवेंट के बयानों पर नजर रख रही है। अपने हक की मांग करती भारत की नई पीढ़ी GenZ को साधने कांग्रेस-बीजेपी से लेकर अन्य दल भी जुटे हुए हैं. ऐसे में जहां राहुल गांधी छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर देशभर के शहरों में रैलियों को संबोधित कर रहे हैं, तो वहीं अब इस प्रोग्राम पर नजर रखने के लिए GenZ क्रिएटर्स ने झूठ की गूंज नाम से एक वेबसाइट बनाई है. यह 26 अगस्त को लॉन्च हो गई है. इसका मकसद राहुल गांधी की स्टूडेंट रैलियों में दिए गए बयानों की सच्चाई की जांच करना है. इस वेबसाइट का एक डोमेन भी बना है. जो https// jhoothki goonj.com/ है. इस वेबसाइट पर लिखा है कि चार रैली, चालीस दावे और एक जवाब. यह वेबसाइट जून और अगस्त 2026 के बीच कोट, देहरादून, प्रयागराज और पुणे में गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रमों में दिए गए 40 बयानों की समीक्षा करती है.




यह सरकारी नौकरियों, बेरोजगारी, शिक्षा और क्राइम से जुड़े मुद्दे पर 29 बयानों को गलत और 11 को गुमराह करने वाली बताती है. इसके लिए सरकारी डेटा समेत 134 सोर्स का इस्तेमाल किया गया है. इस वेबसाइट को सोशल मीडिया पर काफी सराहा जा रहा है. यूजर्स इसे बड़े पैमाने पर शेयर कर रहे हैं. इसके अलावा वेबसाइट में भर्ती के आंकड़े और अपडेटेड सर्वे की जानकारी का इस्तेमाल करके नौकरी के उम्मीदवारों और रिपोर्ट न किए जाने वाली यौन हिंसा के मामलों से जुड़े आंकड़ों को गलत साबित करने वाले उदाहरण भी शामिल हैं. एक तरह का फैक्ट चेकिंग प्लेटफॉर्म है। पुणे में राहुल गांधी के छात्रों की गूंज के दावों की सच्चाई पता करने के लिए यह एक फैक्ट चेकिंग प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है. इस साइट को गुमनाम लोगों, आम लोगों और इंटरनेट यूजर्स (नेटिज्म) की पहल माना जा रहा है।

## संपादकीय..

# सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को सक्षम बनाएं

यह विडंबना ही है कि देश में कभी भी सत्ताधीशों की प्राथमिकता सरकारी चिकित्सा-तंत्र को सक्षम बनाने की नहीं रही है। किसी भी चुनाव में स्वास्थ्य सुविधाओं को समृद्ध बनाना राजनीतिक दलों के एजेंडे में शामिल नहीं रहा। जनता भी हर आम परिवार से जुड़े सेहत के मुद्दे को जोर-शोर से उठाने में चूकती रही है। यही वजह है कि आज भी कुल मिलाकर देश के करोड़ों लोगों के लिये सस्ती व पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच से बाहर हैं। अपने परिजनों के गंभीर रोगों के उपचार के लिये क्षमता से अधिक पैसा जुटाने के फेर में हजारों परिवार हर साल गरीबी की दलदल में धंस जाते हैं। यह गंभीर स्थिति सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में हेल्थकेयर पर बनी संसदीय समिति की हालिया रिपोर्ट साफ तौर पर दर्शाती है। नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस के 2025 के सर्वे का हवाला देते हुए संसदीय समिति ने पाया है कि सरकारी सुविधाओं में अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीज का औसत खर्च 6,631 रुपये है, जबकि प्राइवेट में यह खर्च 50,508 रुपये है। निजी अस्पताल में होने वाला यह औसत खर्च सरकारी अस्पताल में होने वाले खर्च के मुकाबले सात गुना से भी अधिक है। जो चिकित्सा सुविधाओं में व्याप्त व्यापक विसंगतियों को ही दर्शाता है। यह आंकड़ा इसलिए भी अहम है कि निजी अस्पताल अब साठ फीसदी से ज्यादा मरीजों को अस्पताल में भर्ती करते हैं और 70 फीसदी आउट पेशेंट की देखभाल करते हैं। विडंबना यह है कि सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं का अभाव लगातार बना रहता है। वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी मरीज महसूस करते हैं। सरकारी अस्पताल की सुविधाओं में बेड, उपकरण, दवाइयां और कुशल स्टाफ की कमी देखी जाती है। मरीज को भरोसा नहीं होता है कि उसे जरूरी इलाज सरकारी अस्पताल में मिल भी पायेगा। एक संकट यह भी है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों का दबाव बहुत ज्यादा होता है। उसके मुकाबले चिकित्सक उपलब्ध नहीं होते हैं। वहीं दूसरी ओर निजी अस्पतालों में चिकित्सकों की अच्छी आय और निजी प्रैक्टिस का सम्मोहन भी योग्य डाक्टरों को सरकारी अस्पतालों से विमुख बनाता है। यही वजह है कि पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में मरीजों को निजी अस्पतालों में इलाज कराने के लिये बाध्य होना पड़ता है। दरअसल, उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता, अब चाहे उनकी पैसा देने की क्षमता हो या न हो। लोगों की चिकित्सा इमरजेंसी की चिंता की वजह से स्वास्थ्य बीमा का बड़ा कारोबार देश में फल-फूल रहा है। जिसमें मरीजों को कम व बीमा कंपनियों और निजी अस्पतालों को ज्यादा मुनाफा हो रहा है। यही वजह है कि आज हेल्थकेयर सिस्टम में इलाज की सुविधा परिवार की आमदनी पर बहुत ज्यादा निर्भर हो जाती है। इसके चलते ही संसदीय पैनल की यह बात खास तौर पर चिंताजनक है कि अस्पताल में भर्ती होने का औसत बिल 37,858 है, जिसमें से मरीज अपनी जेब से लगभग 34,064 रुपये खर्च करते हैं। हालांकि, कुल बिल में अपनी जेब से होने वाला खर्च 2014 के 62.6 फीसदी से घटकर 2022-23 में 43.4 फीसदी हो गया है। इसके बावजूद 10-13 फीसदी की मेडिकल महंगाई का असर परिवारों के बजट पर अब भी पड़ रहा है। लेकिन सरकारी सुविधाओं में आ रही गिरावट को टाला न जा सकने वाला मान लेना भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। शासन-प्रशासन की प्राथमिकता सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की होनी चाहिए।

# महतारी वंदन योजना बनी खुशियों का सहारा, सुवासिनी बोलीं- रक्षाबंधन पर मिला भाई का उपहार

**रायपुर** । रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और अपनत्व का प्रतीक है। इस बार जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम खोखरा निवासी सुवासिनी सूर्यवंशी के लिए यह पर्व एक विशेष खुशी लेकर आया। महतारी वंदन योजना के तहत खाते में पहुंची 1,000 रुपये की राशि ने उनके लिए त्योहार की खुशियों को और बढ़ा दिया।

सुवासिनी इसे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की ओर से बहनों के लिए मिले भाई के उपहार के रूप में देखती हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। नियमित रूप से मिलने वाली यह राशि महिलाओं की व्यक्तिगत और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण सहारा बन रही है। सुवासिनी सूर्यवंशी के लिए महतारी वंदन योजना केवल आर्थिक सहायता का माध्यम नहीं, बल्कि हर महीने मिलने वाली नई उम्मीद और आत्मविश्वास का आधार बन गई है। वे बताती हैं कि योजना से मिलने वाली राशि का वे सोच-समझकर



उपयोग करती हैं। घर की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ वे कुछ राशि बचाकर भविष्य की बड़ी जरूरतों के लिए भी सुरक्षित रखती हैं। रक्षाबंधन से पहले खाते में 1,000 रुपये की राशि पहुंचने से उनकी खुशी दोगुनी हो गई। उन्होंने कहा, इस बार रक्षाबंधन के पहले ही विष्णु भैया ने हमारे खाते में एक हजार रुपये भेजकर त्योहार की खुशी और बढ़ा दी। अब इन पैसों से अपने लिए साड़ी और राखी खरीदेंगे। हमारे लिए यह रक्षाबंधन पर भाई की ओर से मिला उपहार है।

सुवासिनी बताती हैं कि नियमित आर्थिक सहायता मिलने से उन्हें अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भरता कम हुई है। वे अपनी आवश्यकताओं को लेकर स्वयं निर्णय ले पा रही हैं और परिवार की जरूरतों में भी योगदान कर रही हैं। उनके लिए यह राशि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक छोटा, लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने महतारी वंदन योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजना से मिलने वाली सहायता ने उनके जैसे परिवारों को आर्थिक सहारा दिया है। रक्षाबंधन के समय मिली यह राशि हमारे लिए बहुत खास है। इससे त्योहार की खुशी बढ़ी है और यह एहसास भी हुआ है कि विष्णु भैया अपनी बहनों के साथ खड़े हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को नियमित आर्थिक संबल मिलने के साथ उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत हो रही है। सुवासिनी सूर्यवंशी की कहानी इस बात की मिसाल है कि आर्थिक सहायता का छोटा-सा संबल भी महिलाओं के जीवन में बड़ी खुशियां और भविष्य के लिए नया भरोसा ला सकता है।

# वितरण केंद्र पुरूर में विद्युत शिकायत निवारण एवं उपभोक्ता अधिकारों पर किया गया मंथन

दुर्ग। विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, शिकायत निवारण की प्रक्रिया, आधुनिक विद्युत तकनीक तथा उपलब्ध शिकायत निवारण मंचों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित विद्युत उपभोक्ता जागरूकता एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया संबंधी सेमिनार गुरुवार को पुरूर में सम्पन्न हुआ। सेमिनार में विद्युत उपभोक्ता फोरम दुर्ग के अध्यक्ष श्री पी व्ही संजीव सर ने उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने से लेकर उसके समाधान तक की प्रक्रिया के साथ-साथ बिजली उत्पादन से लेकर पारेषण, वितरण और अंततः उपभोक्ता के घर तक बिजली पहुंचने की पूरी व्यवस्था को विस्तारपूर्वक समझाया। विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम दुर्ग के संयोजन एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बालोद के सौजन्य से आयोजित इस सेमिनार में विद्युत उपभोक्ता फोरम दुर्ग के अध्यक्ष, विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विशेषज्ञ एवं




विद्युत उपभोक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि उपभोक्ता केवल बिजली का बिल चुकाने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्युत व्यवस्था का महत्वपूर्ण और जागरूक हितधारक है। इसलिए उपभोक्ता को अपने अधिकारों के साथ-साथ यह जानकारी भी होनी चाहिए कि बिजली किस प्रकार उत्पादित होती है, किस तरह पारेषित एवं वितरित होकर उसके घर तक पहुंचती है तथा विद्युत सेवा से संबंधित शिकायत होने पर उसका समाधान किस व्यवस्था के माध्यम से कराया जा सकता है। सेमिनार में फोरम के अध्यक्ष श्री पी व्ही संजीव, एई गुरूर श्री एच के यादव एवं गुरूर ब्लॉक के सभी कनिष्ठ अभियंता ने विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम एवं विद्युत लोकपाल की भूमिका और कार्यप्रणाली को सरल भाषा में समझाया।

विशेषज्ञों ने बताया कि शिकायत के प्रारंभिक स्तर पर समाधान नहीं होने की स्थिति में उपभोक्ता निर्धारित प्रक्रिया के तहत अगले शिकायत निवारण मंच का उपयोग कर सकता है। इसके साथ ही निर्धारित समय-सीमा में शिकायत का निराकरण नहीं होने की स्थिति में उपलब्ध क्षतिपूर्ति के प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। श्री संजीव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उपभोक्ता हितों की रक्षा तथा विद्युत क्षेत्र में नियामकीय व्यवस्था की भूमिका पर प्रकाश डाला। जानकारी देते हुए नियामक आयोग की भूमिका एवं विवाद समाधान की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया एवं तकनीकी पहलुओं पर उपभोक्ताओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि विद्युत संबंधी शिकायतों को प्रारंभिक स्तर पर किस प्रकार दर्ज कराया जा सकता है और शिकायतों के समयबद्ध निराकरण के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन क्यों आवश्यक है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि शिकायत दर्ज कराते समय सही उपभोक्ता विवरण एवं समस्या से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि शिकायत का परीक्षण एवं निराकरण प्रभावी ढंग से किया जा सके।

अध्यक्ष पी.वी. सजीव ने विद्युत बिल में दर्ज विभिन्न विवरणों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने उपभोक्ताओं को अपने बिल की जानकारी ध्यानपूर्वक देखने तथा बिलिंग से संबंधित किसी भी विसंगति की स्थिति में समय पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी तथा अधिकारों एवं शिकायत निवारण के उच्चतर मंच की जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा उपलब्ध वैधानिक शिकायत निवारण व्यवस्था का उचित उपयोग करने का आग्रह किया।

# केनाल रोड, चौक चौराहों का नामकरण, नये निगम कार्यालय भवन, गोकुल धाम एवं खेल सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों पर लगी मुहर

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई की सामान्य सभा की बैठक सभागार कक्ष में प्रातः 11 बजे से सभापति गिरवर बंटी साहू के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महापौर नीरज पॉल, निगम आयुक्त सुरुचि सिंह, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, महापौर परिषद सदस्यगण, पार्षदगण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पोर्टल प्रतिनिधि तथा निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सामान्य सभा में शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों को लेकर सदन में विस्तृत चर्चा एवं सवाल-जवाब हुए। बैठक के दौरान केनाल रोड का नामकरण भगवान परशुराम एवं मां परमेश्वरी चौक किए जाने के प्रस्ताव पारित की गई। इसके साथ ही भिलाई शहर में प्रशासनिक कार्यों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नये निगम कार्यालय भवन के निर्माण से संबंधित विषय भी सदन में रखा गया, कार्यालय का जल्द भूमि पूजन कराने हेतु सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है।




निगम क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा नागरिकों को पर्याप्त रोशनी की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर भी प्रस्ताव पारित की गई। सामान्य सभा में गोकुल धाम के संबंध में प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया, आगामी प्रक्रिया रोकने हेतु निर्णय लिया गया।

इसके अलावा निगम क्षेत्र के विभिन्न भूखण्डों को 30 वर्षीय लीज पर दिए जाने से संबंधित विषय पर सदन में चर्चा हुई। सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोधी क्षत्रिय समाज के सामाजिक भवन के लिए भूमि प्रदान करने के प्रस्ताव पर भी सदस्यों ने अपने विचार रखे।

बैठक में प्रियदर्शिनी परिसर में 1000 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण के साथ-साथ प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक एवं प्राकृतिक फुटबाल मैदान निर्माण जैसे महत्वपूर्ण खेल एवं सांस्कृतिक सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों पर सवाल-जवाब किए गए तथा संबंधित विषयों की जानकारी प्राप्त की गई। सामान्य सभा में चर्चा के उपरांत सदन ने शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर अपनी सहमति प्रदान की। इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन से भिलाई में प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर अधोसंरचना विकसित होने की उम्मीद है।

## रात्रिकालीन विशेष चेकिंग अभियान में 446 वाहन चालकों पर की गयी कार्यवाही

**भिलाई।** यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों का प्रभावी रूप से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले में लगातार विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शाम 06:00 बजे से रात 12:00 बजे तक जिले के 16 चिन्हित स्थानों पर यातायात पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग पॉइंट लगाए गए। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, दो पहिया में तीन सवारी , बिना नंबर प्लेट सहित शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों की जांच की गई। अभियान के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 15 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इसके अलावा तीन सवारी वाहन चलाने वाले 87, बिना नंबर वाहन चलाने वाले 15 तथा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 227 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। विशेष चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य वाहन चालकों को भी नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। अभियान में कुल 446 वाहनों पर कार्रवाई की गई।

# 11 हजार से अधिक बहनों ने बांधा विधायक रिकेश सेन को रक्षा सूत्र, लोकांगन में उमड़ा स्नेह का सैलाब

**भिलाई।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर वैशाली नगर विधानसभा में भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और आत्मीय रिश्ते की अनूठी तस्वीर देखने को मिली। वैशाली नगर स्थित लोकांगन परिसर में रविवार को 11 हजार से अधिक बहनें अपने विधायक भाई रिकेश सेन को रक्षासूत्र बांधने पहुंचीं। अल्प सूचना पर इतनी बड़ी संख्या में बहनों के पहुंचने से लोकांगन परिसर ही नहीं, बल्कि गरबा ग्राउंड और आसपास का क्षेत्र भी बहनों की कतारों से भर गया। रविवार की सुबह से ही बहनों का लोकांगन पहुंचना शुरू हो गया था। बीती रात विधायक रिकेश सेन के वीडियो संदेश के बाद महज कुछ घंटों के भीतर बड़ी संख्या में बहनें उन्हें राखी बांधने पहुंच गईं। दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक विधायक सेन लगातार बहनों से रक्षासूत्र बंधवाते रहे। व्यवस्था को लेकर भी विधायक स्वयं सक्रिय नजर आए। लोकांगन के हर हिस्से में पहुंचकर उन्होंने बहनों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि कोई भी बहन निराश होकर नहीं लौटेगी। उन्होंने कहा कि पार्षद से लेकर विधायक बनने तक वैशाली नगर की बहनों ने जिस आत्मीयता से उन्हें अपना भाई मानकर स्नेह और आशीर्वाद दिया है, उस रिश्ते का मान रखना उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि जो बहनें आज उनसे नहीं मिल पाईं, उनके लिए भी अगले एक सप्ताह तक उपलब्ध रहने का प्रयास करेंगे। रक्षाबंधन के इस आयोजन में बहनों ने अपने विधायक भाई का तिलक किया, आरती उतारी और रक्षासूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। भाई को राखी बांधने के बाद सैकड़ों बहनों ने विधायक की धर्मपत्नी डॉ. रिचा सेन को भी रक्षा सूत्र बांधा। पिछले वर्ष वैशाली नगर विधानसभा में घरेलू कामकाज करने वाली महिलाओं के लिए शुरू की गई 'शक्ति योजना' के बाद इस आत्मीय रिश्ते का दायरा और बढ़ा। योजना से जुड़ी 22 हजार महिलाओं ने भी विधायक को अपना भाई मानकर रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधनी शुरू की।



यही वजह रही कि पिछले वर्ष भी सप्ताह भर तक बड़ी संख्या में बहनें विधायक से राखी बंधवाने और उन्हें राखी बांधने पहुंचती रहीं। विधायक रिकेश सेन ने बहनों के इस अपार स्नेह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वैशाली नगर की हजारों बहनों का आशीर्वाद ही उन्हें जनता की सेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि इसी शक्ति और विश्वास के बल पर विधानसभा क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक जनोपयोगी योजनाएं शुरू की गई हैं, जिनका सीधा लाभ क्षेत्र की जनता को मिल रहा है। उन्होंने बहनों से अपील की कि वे इसी तरह अपना स्नेह और आशीर्वाद बनाए रखें तथा ईश्वर से उनके स्वस्थ रहने की प्रार्थना करें, ताकि वे आगे भी वैशाली नगर की जनता के लिए नई और जनोपयोगी योजनाएं शुरू करते हुए निरंतर सेवा कर सकें।

## पाऊवारा में बिखरे छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग, जनपद ट्रॉफी इतवारी चीला तिहार में फुगड़ी से लेकर व्यंजन सजावट तक धूम




**उतई।** ग्राम पाऊवारा के हाईस्कूल मैदान में जनपद ट्रॉफी इतवारी चीला तिहार 2026 का भव्य आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और पारंपरिक खेलों को समर्पित इस आयोजन में ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू थे, विशेष अतिथि के रूप में भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विद्या, कला-संस्कृति, बोली-भाखा को सहेजना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना सराहनीय कार्य है। ऐसे आयोजन हमारी जड़ों को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि इतवारी चीला तिहार केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी पहचान है। विशेष अतिथि विधायक देवेन्द्र यादव ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जो निरंतर लगा रहता है, प्रयास करता रहता है, वही सच्चा खिलाड़ी होता है। खेल हमें अनुशासन और एकता सिखाते हैं। इस अवसर पर पारंपरिक प्रतियोगिताओं की धूम रही। फुगड़ी, कबड्डी, कुर्सी दौड़, नारियल फेंक, रस्साकसी, चीला सजावट, छत्तीसगढ़ी व्यंजन सजावट और डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिलाओं के लिए पारंपरिक वेशभूषा में अलग-अलग ड्रेस कोड रखा गया था, जिसने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। विजेता महिला प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन जनपद पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने किया। इस अवसर पर विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस देवेंद्र देशमुख, पाऊवारा सरपंच मीना यादव, कोकड़ी सरपंच युगल चंद्राकर, कोड़िया सरपंच खुमान निषाद, पूर्व सरपंच घनश्याम गजपाल, पाऊवारा पंच गणेश साहू, तेजराम साहू, अमरनाथ निषाद, भारती देशमुख, मनीषा साहू, ग्रामीण अध्यक्ष मुकेश साहू, पितेश साहू, पितेश्वर साहू, दुलेश साहू, भेखचंद साहू, कामेश्वर गजपाल, इमरान खान, शिव कुमार, राजेश, मोहन यादव, हर्षविलम गजपाल, चुम्मन यादव, रूपेंद्र साहू, टिकेश्वरी देशमुख, नंद कुमार सेन, डिकेंद्र हिरवानी, सुभाष साव, सुनील यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।








# विधायक ने किया भूमिपूजन : मरोदा के तीन वार्डों में डेढ़ करोड़ से होगा विकास कार्य



**रिसाली** । रिसाली के पटरी पार क्षेत्र वार्ड 13 टंकी मरोदा, वार्ड 14 मरोदा कैंप और वार्ड 15 मौहारी मरोदा क्षेत्र में एक करोड़ अंट्ठावन लाख तिरसठ हजार से विकास कार्य कराया जाएगा। मंगलवार को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने भूमिपूजन किया। वें सबसे पहले मौहारी मरोदा पहंचे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नागरिकों से कहा कि निगम क्षेत्र के पटरी पार क्षेत्र मरोदा, नेवई में लगातार विकास कार्यो को सूचीबद्ध कर भूमिपूजन किया जा रहा है। एक माह से इसकी शुरूआत की गई है और अंतिम छोर पुरैना से भूमिपूजन करते आ रहे है। क्षेत्रीय पार्षद के प्रयास और नागरिकों के प्राथमिकता को देखते हुए विभिन्न विकास कार्य को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि बहुत सारे विकास कार्यों की मंजूरी प्रक्रियाधीन है। स्वीकृति पश्चात वें पुनः वार्डो में दौरा करेंगे। कार्यक्रम को महापौर शशि सिन्हा ने भी संबोधित किया। उन्होंने निगम क्षेत्र में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के लिए नागरिकों को बधाई दी। भूमिपूजन कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद ईश्वरी साहू, सरिता देवांगन, विधि यादव, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, धर्मेन्द्र भगत, सारिका साहू, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। रिसाली निगम क्षेत्र के वार्डे क्र. 13 टंकी मरोदा में 60.28 लाख से नाली निर्माण, सड़क, सौंदर्यीकरण कराने का कार्य किया जाएगा। इसी तरह वार्ड 14 मरोदा कैंप 51.10 लाख से नाली, पुलिया निर्माण, सड़क संधारण, सामुदायिक भवन, वार्ड 15 मौहारी मरोदा में 39.25 लाख से विकास कार्य होंगे।

# कोटवारी भूमि विक्रय करने वाले कोटवारों पर कार्यवाही करने कलेक्टर के कड़े निर्देश

**दुर्ग** । जिले के 51 ग्रामों के कोटवारों द्वारा उसे ग्राम सेवक के रूप में सेवा करने की शर्त पर मिली भूमि को विक्रय कर देने का मामला आने के बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर विक्रय शून्य घोषित कराने सिविल वाद दायर कराने की कार्यवाही हुई है। विक्रय हो चुके कोटवारी भूमि/सेवा भूमि के विक्रय निरस्त कराये जाने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश के बाद जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह ऐसे प्रकरणों की लगातार समीक्षा कर रजिस्ट्री शून्य घोषित कराने सिविल वाद दायर करने एवं ऐसे कोटवारों के विरुद्ध अनुशासिक् कार्यवाही करने के संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले के 06 तहसीलों के कुल 51 ग्रामों के 107 खसरे के कुल 115.71 एकड़ (46.827 हैक्टेयर) कोटवारी भूमि विक्रय पाये जाने से विक्रय निरस्त कराने 73 सिविल वाद प्रकरण दायर कर दिए गए है। साथ ही कोटवारी भूमि विक्रय करने वाले ऐसे 29 कोटवार जो अभी कोटवार पद पर बने हुए है उनके विरुद्ध अनुशासक कार्यवाही करने संबंधित राजस्व न्यायालयों में प्रकरण दर्ज कर लिये गए है जहां उन कोटवारों को कारण बताओ नोटिस जारी कर सुनवाई प्रारम्भ कर दी गई है। सुनवाई उपरांत उन



कोटवारों के विरुद्ध नियमानुसार भू राजस्व संहिता के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिले के 06 तहसीलों जिसमें दुर्ग के 16 ग्रामों के 13.997 हैक्टेयर, धमधा तहसील के 05 ग्रामों के 5.760 हैक्टेयर, पाटन तहसील के 17 ग्रामों के 10.73 हैक्टेयर, भिलाई तीन तहसील के 3 ग्रामों के 5.610 हैक्टेयर, बोरी तहसील के 01 ग्राम के 0.280 हैक्टेयर तथा अहिवारा तहसील के 09 ग्रामों के 10.450 हैक्टेयर कोटवारी भूमि विक्रय होना प्रारंभिक जांच में पाया गया है जिसके विरुद्ध 73 सिविल वाद दायर हुए है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 183 में यह स्पष्ट प्रावधान है कि ऐसा संव्यवहार, जिसके द्वारा कोई ग्राम सेवक अपनी सेवा भूमि में के अपने हित को विक्रय, दान, बंधक, उप पत्ते द्वारा या अन्यथा एक वर्ष से अनधिक कालावधि तक के उप पत्ते द्वारा के सिवाय अंतरित कर्म का प्रयत्न करता है, शून्य होगा।







# मौर्या टॉकीज अंडरब्रिज का नाम स्व. बशिष्ट नारायण मिश्रा के नाम पर हो : विधायक देवेंद्र यादव

## विधायक ने महापौर को लिखा पत्र, कहा- जनसेवा के योगदान को मिले सम्मान





**भिलाई** । लगातार पांच बार पार्षद रहकर भिलाई की जनता की आवाज को सदन से लेकर शासन तक पहुंचाने वाले स्व. बशिष्ट नारायण मिश्रा की स्मृति को स्थायी रूप से संजोने की पहल शुरू हो गई है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने महापौर नीरज पाल को पत्र लिखकर मौर्या टॉकीज से टाउनशिप को जोड़ने वाले अंडरब्रिज का नाम स्व. बशिष्ट नारायण मिश्रा के नाम पर करने की मांग की है। आयुक्त को प्रतिलिपि भेज कर जल्द पहले करने कहा है। विधायक देवेंद्र यादव ने पत्र में कहा है कि वार्ड क्रमांक 54 (सेक्टर-1 दक्षिण) के पार्षद रहे स्व. मिश्रा का 26 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया। उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में लगातार पांच बार पार्षद के रूप में क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व किया। भिलाई के सर्वांगीण विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के साथ ही उन्होंने आम जनता की समस्याओं को स्थानीय और राज्य शासन के समक्ष लगातार पहुंचाया। देवेंद्र यादव ने कहा कि स्व. बशिष्ट नारायण मिश्रा हमेशा आमजनों के बीच रहकर उनकी सेवा करते रहे। अपने कार्यों और जनसरोकारों के चलते उन्होंने समाज और भिलाई में अपनी अलग पहचान बनाई। ऐसे जनप्रतिनिधि की स्मृति को सम्मान देना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधायक ने महापौर से आग्रह किया है कि मौर्या टॉकीज अंडरब्रिज का नाम स्व. बशिष्ट नारायण मिश्रा के नाम पर किए जाने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाए। इससे उनके सार्वजनिक जीवन और भिलाई के विकास में दिए योगदान की स्मृति लंबे समय तक शहर से जुड़ी रहेगी।

# सेवा सेतु से सेवा हुई सरल, समय पर मिले प्रमाण पत्र से साकार हुआ शिक्षा का सपना



**दुर्ग** । सेवा सेतु पोर्टल नागरिकों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से विभिन्न शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है। इसका लाभ विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को भी मिल रहा है। समय पर आवश्यक प्रमाण पत्र एवं दस्तावेज मिलने से विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश के दौरान होने वाली परेशानियां आसान हो रही हैं। भिलाई निवासी श्रद्धा कुमारी रामटेके, पिता रामकुमार के आधार कार्ड में नाम गलत दर्ज था। नाम में सुधार के लिए गजट प्रकाशन की आवश्यकता थी। पिता रामकुमार ने अपनी बेटी के नाम में सुधार के लिए सेवा सेतु केंद्र, जोन-3 के माध्यम से गजट प्रकाशन की प्रक्रिया पूरी कराई। ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से उन्हें गजट प्रकाशन समय पर प्राप्त हुआ, जिसके बाद आधार में नाम संशोधन कराया जा सका। इससे उनकी बेटी के कॉलेज प्रवेश में आ रही समस्या समय रहते दूर हो गई। श्रद्धा कुमारी रामटेके ने बताया कि पहले गजट प्रकाशन की प्रक्रिया के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाना पड़ता था, लेकिन सेवा सेतु के माध्यम से ऑनलाइन सुविधा मिलने से उनकी परेशानी काफी कम हुई। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सुविधा होने से मेरा बहुत समय बचा और मुझे इधर-उधर नहीं जाना पड़ा। घर बैठे ही प्रमाण पत्र एवं आवेदन की जानकारी व्हाट्सएप और मैसेज के माध्यम से मिलती रही, जिससे मेरा काम आसानी से पूरा हो गया। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हो रही हैं। आवेदन प्रक्रिया में पारदर्शिता के साथ नागरिकों को अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी भी आसानी से मिल रही है। ऑनलाइन सुविधा से समय और श्रम की बचत हो रही है तथा लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

सेवा सेतु पोर्टल सरल सेवा और खुशहाल छत्तीसगढ़ की दिशा में एक मजबूत कदम है। समय पर प्रमाण पत्र और आवश्यक दस्तावेज मिलने से विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के रास्ते आसान हो रहे हैं और नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सहजता से मिल रहा है।

# रिमझिम सावन मेला 2026 का भव्य समापन,नारी जागरूकता की गूंज से सजा सावन मेला

**दुर्ग** । नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा आयोजित दो दिवसीय रिमझिम सावन मेला 2026 का भव्य समापन शनिवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार ने की। महापौर ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि रिमझिम सावन मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि दुर्ग की आत्मा, परंपरा और लोकसंस्कृति का जीवंत प्रमाण है। सावन माह में आयोजित यह उत्सव समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी समृद्ध लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिलती है। उन्होंने सावन माह के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि रिमझिम सावन मेला हर वर्ष दुर्गवासियों के लिए नई उमंग और उत्साह लेकर आता है। यह आयोजन मनोरंजन के साथ-साथ लोक संस्कृति, परंपरा और



सामाजिक एकता का सुंदर संगम बन गया है। उन्होंने कहा कि इस मेले ने दुर्ग शहर की सांस्कृतिक पहचान को एक नई दिशा और नए आयाम दिए हैं,सावन माह के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। इस दौरान श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि सावन उत्सव हमारी धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूत करता है। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा रिमझिम सावन मेला के माध्यम से महिलाओं और नागरिकों को अपनी प्रतिभा, कला और संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्रदान किया गया। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों का आभार व्यक्त किया। नारी जागरूकता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां,ओम योग नृत्य एवं सावन थीम पर जागृति महिला समिति की महिलाओं ने मनमोहक प्रस्तुति देकर नारी जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में सावन मेला की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। महापौर अलका बाघमार द्वारा संस्कृति विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन, महिला एवं बाल विभाग प्रभारी शशि साहू के साथ प्रतियोगिताओं का किया सम्मान, प्रतियोगिताओं के विजेताओं का हुआ सम्मान। फैशन शो में क्षमा देशमुख ने प्रथम और पूजा साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चमच दौड़ में विद्या नामदेव प्रथम एवं देवकी सिन्हा द्वितीय रहीं। वहीं कुर्सी दौड़ में उमेश्वरी साहू ने प्रथम तथा आशा यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार जीते। समापन समारोह में हजारों की संख्या में नागरिक शामिल हुए। मंच पर एक के बाद एक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकनृत्य, भजन, समूह गायन, स्किट और नारीशक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों पर दर्शक झूमते और तालियां बजाते नजर आए। पूरे परिसर में सावन की उमंग, उल्लास और लोक संस्कृति की छटा देखने को मिली। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त मोहेंद्र साहू, संस्कृति विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन, महिला एवं बाल विभाग प्रभारी शशि साहू सहित एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

### लापरवाही पर संभाग आयुक्त ने तहसीलदार को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**दुर्ग** । प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही और जनसमस्याओं के निराकरण में विलंब को गंभीरता से लेते हुए संभागायुक्त दुर्ग सत्य नारायण राठौर ने राजनांदगांव जिले के घुमका तहसील में पदस्थ तहसीलदार मुकेश कुमार ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि तहसीलदार मुकेश कुमार ठाकुर पर शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने, सामान्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण में देरी करने तथा आर.बी.सी. 6-4 के तहत पीड़ित परिवारों को मिलने वाली आर्थिक सहायता के मामलों में अनावश्यक विलंब करने के गंभीर आरोप थे। संभागायुक्त द्वारा जारी आदेश के तहत निलंबन अवधि में श्री ठाकुर का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर, राजनांदगांव निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## शिवमहापुराण कथा का रसपान किया इंद्रजीत ने, आयोजक दया सिंह को दी बधाई



**भिलाई** । जयंती स्टेडियम में बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा आयोजित श्री सावन शिवमहापुराण कथा के तृतीय वर्ष के आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के पांचवें दिन कथावाचक पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा जी (सीहोर वाले) के श्रीमुख से शिवमहापुराण कथा का श्रवण करने सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं युवा ट्रांसपोर्टर इंद्रजीत सिंह 'छोटू' भी कथा स्थल पहुंचे। इस दौरान इंद्रजीत सिंह 'छोटू' ने आयोजन समिति के अध्यक्ष दया सिंह को तीन वर्षों से लगातार शिव महा पुराण कथा के भव्य आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ की भक्ति, कथा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत यह आयोजन श्रद्धालुओं के मन में नई शांति और सकारात्मकता का संचार कर रही है। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि इतने बड़े धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था के साथ पहुंच रहे हैं और भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह पिछले तीन वर्षों से लगातार इस धार्मिक आयोजन का सफलतापूर्वक आयोजन करा रहे हैं। यह आयोजन भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र बन गया है। कथा स्थल पर इंद्रजीत सिंह 'छोटू' के साथ मलकीत सिंह, जोगाराव, राम, अनिल, निर्मल सिंह, शाहनवाज कुरैशी,हरजिंदर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अन्नपूर्ति ग्रेन एटीएम से बदल रही सार्वजनिक वितरण प्रणाली, 24 घंटे राशन की सुविधा

**दुर्ग** । सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में तकनीक और पारदर्शिता को बढ़ावा देने की दिशा में दुर्ग जिले में अन्नपूर्ति ग्रेन एटीएम की शुरुआत की गई है। शासन एवं विश्व खाद्य कार्यक्रम के सहयोग से गदा चौक के पास अंबेडकर चौक, सुपेला भिलाई स्थित पुराने वैशाली नगर थाना भवन में 8 अगस्त 2026 को ग्रेन एटीएम की स्थापना की गई। इस सुविधा से राशनकार्डधारियों को पारंपरिक राशन दुकानों की कतारों और समय की पाबंदी से राहत मिल रही है। ग्रेन एटीएम के माध्यम से दुर्ग जिले सहित अन्य स्थानों के राशनकार्डधारी अपनी सुविधानुसार चावल प्राप्त कर रहे हैं। मशीन से आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के बाद निर्धारित मात्रा में चावल का वितरण किया जाता है। ग्रेन एटीएम की सुविधा 24×7 उपलब्ध होने से दैनिक वेतनभोगी, मजदूर, महिलाएं एवं अन्य राशनकार्डधारी अपनी सुविधा के अनुसार कभी भी राशन प्राप्त कर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया में कम समय लगने से हितग्राहियों के समय की भी बचत हो रही है। आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए राशन वितरण होने से वितरण प्रक्रिया अधिक सुरक्षित एवं पारदर्शी हुई है। साथ ही राशनकार्डधारियों की उचित मूल्य दुकान संचालकों पर निर्भरता भी कम हुई है। तकनीक आधारित व्यवस्था से चावल की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने में भी मदद मिल रही है।

## आयुक्त सुरुचि सिंह ने एसएलआरएम सेंटर का किया निरीक्षण, सी एण्ड डी वेस्ट प्लांट का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश




**भिलाई** । निगम भिलाई की आयुक्त सुरुचि सिंह ने नेहरू नगर स्थित एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में निर्माणाधीन सी एण्ड डी (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन) वेस्ट प्लांट के निर्माण कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने निर्माणाधीन प्लांट का निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए तथा कार्य को समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही आयुक्त ने एसएलआरएम सेंटर में संचालित कचरा सेग्रीगेशन (गीला-सूखा एवं अन्य श्रेणियों में अपशिष्ट पृथक्करण) कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए सेग्रीगेशन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति व्यवस्था को हाईटेक करने के निर्देश भी दिए, ताकि कर्मचारियों की उपस्थिति की नियमित एवं पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था में तकनीक का अधिकतम उपयोग करते हुए कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने कहा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त डी के कोसरिया, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, नितेश मेश्राम, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, अशोक देवांगन, आशीष भारती, स्वस्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कवर्धा की प्रतिभा एक दिन बनेगी देश का गौरव : विजय शर्मा



**रायपुर।** मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर सफलता हासिल करने वाले कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 171 मेधावी विद्यार्थियों के लिए यह दिन खास और यादगार रहा। पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम, कवर्धा में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के चेक एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कवर्धा में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित इस समारोह में वनांचल क्षेत्र के विद्यालयों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस पहल ने ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में पढ़ने वाले बच्चों की प्रतिभा को पहचान और प्रोत्साहन देने का संदेश दिया। समारोह के दौरान कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने विद्यार्थियों से आत्मीयता के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया, उनकी पढ़ाई और रुचियों के बारे में जाना तथा उनके सवालों और जिज्ञासाओं पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरक पुस्तकें भी भेंट कीं, ताकि उनमें पढ़ने और सीखने की आदत को और बढ़ावा मिले। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के साथ सेल्फी लेकर उनके साथ खुशियां भी साझा कीं। कार्यक्रम की एंकर अनुराधा दुबे ने भी अपनी प्रेरक और उत्साहवर्धक बातों से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। सम्मान, संवाद और प्रोत्साहन से भरे इस आयोजन ने मेधावी विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को और निखारने तथा भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए नई ऊर्जा दी। कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा की धरती प्रतिभाओं से भरी हुई है। सम्मानित हो रहे ये मेधावी विद्यार्थी अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर आने वाले समय में नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे। कवर्धा की यह प्रतिभा आगे चलकर न केवल जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगी, बल्कि एक दिन देश का गौरव बनेगी। मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5-5 हजार रुपये तथा कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही सभी चयनित विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, रामकिंकर वर्मा, निर्मल द्विवेदी, हरीश लुनिया, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, डीएफओं निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओं अभिषेक अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, स्कूली विद्यार्थी, पालकगण, शिक्षक, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष उपस्थित थे। कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कहा कि जो करना है वह पूरे मन से कर डालो। जो दिल में है, उसे पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। सकारात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने में संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य और जुनून के लिए पूरा प्राण लगा देना चाहिए। संसाधनों की कमी को कभी अपनी सफलता के रास्ते में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने युवाओं को सावधान करते हुए कहा कि आज के समय में ऐसी कई ताकतें हैं, जो युवाओं के मन में गुस्सा भरने का प्रयास करती हैं। इससे सचेत रहने की जरूरत है। विजय शर्मा ने कहा कि नवजवानों में बहुत तेज और ऊर्जा होती है। इस ऊर्जा का उपयोग समाज की भलाई और देश को आगे बढ़ाने में होना चाहिए। समाज का हित, अपने बड़ों का हित और देश का हित सबसे बड़ी बात है। भारत की परंपरा सदैव पूरे समाज और राष्ट्र के हित में सोचने की रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी अवधारणा भारत की ताकत है और युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग रहते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सभी युवा अपने जीवन में आगे बढ़ें, तरक्की और उन्नति करें। अपने पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ प्रयास करना चाहिए। समारोह के दौरान कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। कक्षा 12वीं के छात्र राकेश जांगड़े ने उनसे पूछा कि विद्यार्थी जीवन में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए वे परीक्षा की तैयारी पहले से करते थे या प्रथम आने का जुनून रहता था। इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पढ़ाई के दौरान कक्षा में शिक्षक की बातों पर पूरा ध्यान देना चाहिए। केवल रटने के बजाय विषय को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रथम आने का जुनून रखने के बजाय विषय को अच्छी तरह समझने पर ध्यान देना चाहिए। जब विषय की समझ मजबूत होगी तो विद्यार्थी किसी भी प्रश्न का उत्तर आत्मविश्वास के साथ दे सकेगा। कक्षा 10वीं की छात्रा मृदुला श्रीवास्तव ने विद्यार्थी जीवन से जुड़ा सवाल करते हुए पूछा कि जब विज्ञान की पढ़ाई के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं होते थे, तब वे किस तरह आगे बढ़े। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समय और संसाधनों की कमी कभी किसी को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी को अपनी प्रगति में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षकों के प्रति सम्मान रखने और कक्षा में शिक्षक द्वारा पढ़ाए जा रहे विषय पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।









स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक श्लेष कुमार शुक्ला के द्वारा आसमां पब्लिशर्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड जय स्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर फ्लैट नं.-क्यु/204, दीनदयाल आवासीय परिसर, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड, खम्हरिया वार्ड-1 भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र दुर्ग न्यायालय होगा। आर.एन.आई. नं. - CHHHIN/2008/27690, मोबाइल : 9827156570